**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 17.07.2025**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा**

- **थाना गिरवां क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले 25 हजार के इनामिया वांछित अभियुक्त को थाना गिरवां पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद।**
- **अज्ञात अभियुक्तों द्वारा दिनांक 12.04.2025 को थाना गिरवां क्षेत्र के बछेही मोड़ के पास फेरी लगाकर घर लौट रहे व्यापारी पिता-पुत्र से अवैध तमंचे से फायर कर लूट की घटना को दिया गया था अंजाम।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.07.2025 को थाना गिरवां में लूट की घटना को अंजाम देने वाले 25 हजार के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 12.04.2025 को थाना गिरवां क्षेत्र के तिन्दुही के रहने वाले मिथलेश सोनी तथा उनका पुत्र पंकज सोनी जो कि गांव-गांव फेरी लगाकर सोने-चांदी के आभूषण की बिक्री करते हैं, से घर लौटते समय अज्ञात अभियुक्तों द्वारा बछेही मोड़ के पास लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस दौरान अभियुक्तों द्वारा तमंचे से फायर भी किया गया जिसमें पंकज सोनी घायल हो गये थे। इस सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। जिसमें दिनांक 12.05.2025 को 01 अभियुक्त आमिर खान पुत्र शेरखान को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया था और दूसरा अभियुक्त आजम खान फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा फरार/वांछित अभियुक्त पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 17.07.2025 को सर्विलांस की मदद से अभियुक्त आजम खान को खोही मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुआ।

**बरामदगी-**

- 3500 रुपए नकद
- 01 अवैध तमंचा 32 बोर
- 01 जिन्दा व 0 खोखा कारतूस 32 बोर

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. आजम खान पुत्र तैय्यब खान नि0 कबौली थाना नरैनी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 98/25 धारा 309(6) बीएनएस बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना गिरवां जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0 221/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गिरवां जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष गिरवां
2. श्री उ0नि0 यज्ञनारायण भार्गव
3. कां0 कृष्णकान्त सिंह
4. कां0 आशू सिंह
5. कां0 शैलेन्द्र कुमार